ऑनलाइन मनी गेमिंग का विनियमन

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) ने ऑनलाइन रियल मनी गेम को विनियमित करने के लिये [सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021](https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/regulating-online-money-gaming) में संशोधन जारी किया है।

ऑनलाइन रियल मनी गेम:

- **अधिक पैसा जीतने** की उम्मीद में ऑनलाइन रियल मनी गेम में कैसीनो की तरह अन्य खेल जैसे- पोकर, ब्लैकजैक और स्लॉट मशीन साथ ही **स्पोर्ट्स बेटिंग, फैंटेसी स्पोर्ट्स** तथा अन्य प्रकार के ऑनलाइन गेमिंग शामिल हो सकते हैं जिनमें पैसे का आदान-प्रदान शामिल है।
- भारत में इस प्रकार के खेल तेज़ी से लोकप्रिय हुए हैं, जिससे उनके विनियमन और उपयोगकर्त्ताओं पर संभावित नकारात्मक प्रभाव जैसे **व्यसन और वित्तीय नुकसान को लेकर चिंता देखी जा रही है**।

नए नियम:

- **बेटिंग प्लेटफॉर्म का कोई प्रचार नहीं:**
  - नियमों ने मीडिया संस्थाओं, मीडिया प्लेटफॉर्मों और ऑनलाइन विज्ञापन मध्यस्थों को सलाह दी है कि वे सट्टेबाज़ी प्लेटफॉर्मों के **विज्ञापन/प्रचार सामग्री का प्रदर्शन करने से बचें।**
    - **सट्टेबाज़ी और जुआ अवैध गतिविधियाँ हैं**, इसलिये किसी भी मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ऐसी गतिविधियों के विज्ञापन/प्रचार नियमों का उल्लंघन करते हैं।
  - एक विशेष सट्टेबाज़ी साइट द्वारा प्रचार में [कॉपीराइट अधिनियम 1957](https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/regulating-online-money-gaming) का स्पष्ट रूप से उल्लंघन किया गया था, जिसमें उपयोगकर्त्ताओं को अपनी वेबसाइट पर एक स्पोर्ट्स लीग देखने का आग्रह किया गया था।
- **स्व-नियामक निकाय:**
  - **सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) संशोधन नियम, 2023** के अनुसार, रियल मनी गेमिंग प्लेटफॉर्म को एक **स्व-नियामक निकाय (SRB)** के साथ पंजीकृत करना होगा जो यह निर्धारित करेगा **कि गेम की "अनुमति" है या नहीं।**
  - जल्द ही तीन SRBs को मान्यता दी जाएगी।
  - यदि इन खेलों को "अनुमेय" नहीं माना जाता है, तो उन्हें उक्त संशोधन हेतु सुरक्षा नहीं मिलेगी और सट्टेबाज़ी अथवा जुए की श्रेणी में आने के कारण राज्य उनके खिलाफ कार्रवाई कर सकता है।
  - इस प्रकार **जिन खेलों को अनुमेय माना जाता है, उन्हें कानूनी रूप से संचालित करने की अनुमति दी जाएगी**, भले ही उनमें जीत/हार के लिये **जमा राशि** का उपयोग किया जाता हो। वीडियो गेम में पैसा शामिल नहीं होता है, अतः इसके लिये SRB से संपर्क करने की आवश्यकता नहीं है।

[स्रोत: द हिंदू](https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/regulating-online-money-gaming)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/regulating-online-money-gaming